# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

संतोष मैन्शन, बी0–ब्लॉक, आर0पी0एस0 विधि महाविद्यालय के निकट,
रघुनाथ पथ, दानापुर, पटना–801503
(वेबसाइटः www.bpssc.bih.nic.in )

**बिहार पुलिस बल में वर्ष 2018 में आशु सहायक अवर निरीक्षक (Steno Assistant Sub Inspector) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सूचना ।**

**ऑनलाईन (Online) आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि–18.04.2018 (बुधवार)**

**ऑनलाईन (Online) आवेदन–पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि–24.05.2018 (वृहस्पतिवार)**

## विज्ञापन संख्या–01/2018

बिहार पुलिस, गृह विभाग, बिहार सरकार में आशु सहायक अवर निरीक्षक (Steno Assistant Sub Inspector) के पद (वेतनमान 5200–20200+ग्रेड पे 2800) की रिक्तियों की संख्या–174 (एक सौ चौहत्तर) है ।

इन पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–01/2018 यहाँ जारी किया जा रहा है ।

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग अधिनियम, 2016 [बिहार अधिनियम 6,2016] तदनुसार विधि विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या एल0जी0–01–07/2016/64–लेज, दिनांक 6 अप्रैल 2016 द्वारा राज्य सरकार बिहार के अधीन समूह ग के गृह (आरक्षी) विभाग एवं अन्य विभागों के पद जिनके लिए शारीरिक माप/जाँच या दक्षता परीक्षण अनिवार्य है एवं ऐसे अन्य पदों के लिए अभ्यर्थियों के चयन हेतु बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का गठन किया गया है ।

